भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

25.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5460 का उत्तर

ऑनलाइन रेलवे टिकट पर आईआरसीटीसी सुविधा शुल्क

5460. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले यात्रियों से पूर्णत: स्वचालित प्रक्रिया के बाद भी सुविधा शुल्क/सेवा प्रभार लिया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रतीक्षा सूची की स्थिति के कारण सामान्य/तत्काल कोटे के अंतर्गत बुक किए गए टिकटों के स्वत: रद्द हो जाने पर ऐसे प्रभारों के वसूल किए जाने और इनके प्रतिधारण के क्या कारण हैं;

(ग) जब यात्री की कोई गलती नहीं होती और सेवा प्रदान नहीं की जाती है, तो फिर प्रणाली-चालित स्वतः रद्दीकरण में इन प्रभारों को बनाए रखने का क्या औचित्य है;

(घ) पिछले वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक सुविधा शुल्क, लिपिकीय प्रभार और सेवा प्रभारों के रूप में कुल कितनी राशि एकत्र की गई है और इसकी सामान्य/तत्काल बुकिंग के लिए पृथक ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का स्वत: रद्दीकरण के मामलों में ऐसे प्रभारों को अधित्यक्त/वापस करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ) इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन ने ऑनलाइन आरक्षित टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान की है, जिससे यात्रियों को टिकट बुक करने हेतु आरक्षण काउंटरों पर जाने की परेशानी से बचाया जा रहा है, इससे यात्रा समय और परिवहन लागत की भी बचत होती है।

आईआरसीटीसी ऑनलाइन टिकट सुविधा प्रदान करने में पर्याप्त व्यय उपगत करता है और टिकटिंग संबंधी अवसंरचना के अनुरक्षण, उन्नयन और विस्तार में आने वाली लागत को पूरा करने के लिए आईआरसीटीसी द्वारा नाममात्र का सुविधा शुल्क लगाया जाता है।

आईआरसीटीसी द्वारा प्रदान की गई ऑनलाइन टिकट बुकिंग सुविधा भारतीय रेल की यात्री सुविधा पहलों में से एक है और इस तथ्य से यह स्वीकार्य किया जा सकता है कि वर्तमान में लगभग 88% आरक्षित टिकट ऑनलाइन बुक किए जाते हैं।

रेल यात्री (टिकट रद्दकरण और किराए का प्रतिदाय) नियम, 2015, भारत के राजपत्र में अधिसूचित और समय-समय पर यथा संशोधित, सभी प्रतीक्षारत टिकटों पर, जिनमें आईआरसीटीसी वेबसाइट के माध्यम से रद्द किए गए टिकट भी शामिल हैं, रद्दकरण शुल्क लगाया जाता है। नीति की समीक्षा और युक्तिकरण एक सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

****